उत्तर प्रदेश शासन

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग-1

संख्या- 10/1698 /62-1-2014-17जीडब्लू/2012

लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर,2014

कार्यालय ज्ञाप

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि भूगर्भ जल विभाग में सहायक भू-भौतिकविद सवंर्ग की पारस्परिक अनन्तिम ज्येष्ठता सूची कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 718/62-1-2014-17जीडब्लू / 2012, दिनांक 19अगस्त, 2014 द्वारा जारी करते हुए उस पर समस्त सहायक भू-भौतिकविदों से आपत्तियां आमंत्रित की गयी थी । इस संबंध में सहायक भू-भौतिकविद संवर्ग में से 03 कार्मिकों की आपत्तियां शासन में प्राप्त हुई, जिसमें की गयी आपत्ति एवं उनका निराकरण निम्नवत है -

(1) **श्री भरत सिंह, सीनियर जियोफिजिसिस्ट (सेवानिवृत्त)**

श्री भरत सिंह, सीनियर जियोफिजिसिस्ट (सेवानिवृत्त) के प्रत्यावेदन दिनांक 24-8-2014 द्वारा यह कहा गया है कि उनकी प्रोन्नति सीनियर जियोफिजिसिस्ट के पद पर दिनांक 03-10-1988 को हुई है, जबकि श्री विद्याधर राय की प्रोन्नति की तिथि 16-7-1988 दर्शायी गयी है, श्री राय की प्रोन्नति की तिथि 02-08-1991 है।

इस संबंध में उल्लेखनीय है कि भूगर्भ जल विभाग में सहायक भू-भौतिकविद् के पद पर लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 इलाहाबाद की विज्ञप्ति सख्ंया-से-6/349/13डी/83-84, दिनांक 29-6-85 द्वारा निर्गत चयन सूची के आधार पर श्री भरत सिंह को कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 19 मार्च, 2002 द्वारा दिनांक 29 जुलाई, 85 से नियमित नियुक्ति प्रदान की गयी। इसी के आधार पर पूर्व में जियोफिजिकल संवर्ग की जयेष्ठता सूची शासनादेश संख्या- 337/62-1-2002-1800(105)/82, दिनांक 20 मार्च, 2002 द्वारा निर्गत की गयी थी। अत: उपर्युक्त आधार पर श्री सिंह का प्रत्यावेदन ग्राह्य नहीं है। श्री राय की सीनियर जियोफिजिसिस्ट के पद पर प्रोन्नति की तिथि 02-8-91 अन्तिम ज्येष्ठता सूची में अंकित कर दिया गया है।

(2) श्री साधू राम, सहायक भू-भौतिकविद्

श्री साधूराम, सहायक भू-भौतिकविद् द्वारा अपने प्रत्योवदन दिनांक 25-8-2014 में मुख्य रूप से मा0 लोक सेवा अधिकरण, लखनऊ में योजित निर्देश याचिका संख्या-289/2004 साधूराम बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांक 25-7-2007 के अनुपालन में वरिष्ठता निर्धारित किये जाने का अनुरोध किया गया है ।

उल्लेखनीय है कि श्री साधूराम द्वारा वरिष्ठता के सम्बन्ध में मा0 लोक सेवा अधिकरण, लखनऊ में निर्देश याचिका संख्या-289/2004 साधूराम बनाम उ0प्र0 राज्य

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

व अन्य योजित की गयी, जिसमें मा0 अधिकरण द्वारा दिनांक 25-7-2007 को श्री साधूराम को श्री अवधेश कुमार सिंह से वरिष्ठ मानते हुए सभी परिणामी लाभ प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये। उक्त निर्णय के विरूद्ध राज्य सरकार द्वारा मा0 उच्च न्यायालय में रिट याचिका संख्या-495 (एस/बी)/2008 उ0प्र0 राज्य व अन्य बनाम साधूराम व अन्य दाखिल की गयी परन्तु रिट याचिका में स्थगन आदेश प्राप्त नहीं हुआ। इस याचिका में विपक्षी श्री साधूराम द्वारा म0 उच्च न्यायालय, लखनऊ बेंच, लखनऊ में दिनांक 03-4-2012 को एक शपथ-पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें उल्लेख है कि श्री अवधेश कुमार सिंह, प्राविधिक सहायक को यदि पूर्व निर्गत वरिष्ठता सूची,2001 के आधार पर पदोन्नति दी जाती है, तो श्री साधूराम को कोई आपत्ति नहीं होगी । मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ बेंच, लखनऊ द्वारा उक्त शपथ-पत्र पर दिनांक 01-8-2013 को सुनवायी के उपरान्त रिट याचिका संख्या-495(एस/बी)/2008 उ0प्र0 राज्य व अन्य बनाम साधूराम व अन्य को डिसमिस एज इनफ्रक्चुयस का आदेश पारित किया गया । वर्णित स्थिति के दृष्टिगत श्री साधूराम, सहायक भू-भौतिकविद का प्रत्यावेदन बलहीन/ग्राहय न होने के कारण निरस्त किया जाता है।

(3) श्री अवधेश कुमार सिंह, सहायक भू-भौतिकविद

श्री अवधेश कुमार सिंह, सहायक भू-भौतिकविद ने अपने प्रत्यावेदन दिनांक 25-8-2014 में मुख्य रूप से यह कहा गया है कि उनका नाम क्रम संख्या-13 के स्थान पर क्रम संख्या-11 पर अंकित किया जाय।

उल्लेखनीय है कि श्री राम दरस एवं श्री जितेन्द्र कुमार दुबे की सहायक भू-भौतिकविद के पद पर मौलिक नियुक्ति क्रमशः दिनांक 01-09-2008 एवं 26-12-2008 को हुई थी और श्री अवधेश कुमार सिंह की नियुक्ति दिनांक 28-7-2003 को हुई थी । इस सम्बन्ध में उ0प्र0 सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली,1991 के भाग-2 के नियम-8 में की गयी व्यवस्था के अनुसार श्री अवधेश कुमार सिंह, श्री राम दरस एवं श्री जितेन्द्र कुमार दूबे से ऊपर अर्थात क्रमांक-11 पर अंकित कर दिया गया है ।

2- अतएव उपरोक्तानुसार अनन्तिम ज्येष्ठता सूची पर प्राप्त आपत्ति का निराकरण करते हुए श्री राज्यपाल भूगर्भ जल विभाग में कार्यरत सहायक भू-भौतिकविद् संवर्ग की अन्तिम पारस्परिक ज्येष्ठता सूची संलग्न व एतद्द्वारा सभी सम्बन्धित के उपयोगार्थ निर्गत किये जाने हेतु सहर्ष स्वीक़ृति प्रदान करते हैं ।

संलग्नक-अन्तिम ज्येष्ठता सूची।

ह0/

(डा0 सूर्य प्रताप सिंह)

प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-10/1698(1)/62-1-2014, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

(1) सचिव, लोक सेवा आयोग,उ0प्र0,इलाहाबाद।

(2) निदेशक, भूगर्भ जल विभाग,उ0प्र0, लखनऊ ।

(3) समस्त मण्डल/खण्ड, भूगर्भ जल विभाग,उ0प्र0।

(4) सम्बन्धित कार्मिक, भूगर्भ जल विभाग ।

(5) गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

ह0/-

(ओम नारायण अहिरवार)

अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या- 10/1698/62-1-2014-17जीडब्लू /2012, दिनांक 10-12-2014 का संलग्नक ।

भूगर्भ जल विभाग के सहायक भू-भौतिकविद् सवंर्ग की अन्तिम पारस्परिक ज्येष्ठता सूची

क्र0 सं0	अधिकारी का नाम	जन्म तिथि	मौलक पद	मौलक पद पर नियमित नियुक्ति की तिथि	भर्ती का स्रोत	प्रोन्नति का पद	प्रोन्नति के पद पर नियुक्ति की तिथि	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	श्री अरूण कुमार सेन	10-09-52	सहायक भू-भौतिकविद	29-07-85	सीधी भर्ती	-	-	मृतक
2	श्री विद्याधर राय	01-07-50	सहायक भू-भौतिकविद	29-07-85	सीधी भर्ती	सीनियर जियोफिजिसिस्ट	02-08-91	सेवानिवृत्त
3	श्री आर0के0 आनन्द	07-11-51	सहायक भू-भौतिकविद	29-07-85	सीधी भर्ती	सीनियर जियोफिजिसिस्ट	08-10-88	मृतक
4	श्री त्रिभुवन	08-09-51	सहायक भू-भौतिकविद	29-07-85	सीधी भर्ती	सीनियर जियोफिजिसिस्ट	02-08-91	सेवानिवृत्त
5	श्री भरत सिंह	10-07-52	सहायक भू-भौतिकविद	29-07-85	सीधी भर्ती	सीनियर जियोफिजिसिस्ट	03-10-88	सेवानिवृत्त
6	श्री बाबाराम	01-04-48	सहायक भू-भौतिकविद	29-07-85	सीधी भर्ती	-	-	सेवानिवृत्त
7	श्री वीरेन्द्र कुमार	22-09-63	सहायक भू-	29-01-91	सीधी भर्ती	सीनियर	2-7-2010	-

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	उपाध्याय		भौतिकविद			जियोफिजिसिस्ट		
8	श्री अशफाक अहमद सिद्दीकी	15-02-52	प्राविधिक सहायक (भू-भौतिकी)	22-05-87	पदोन्नति	सहायक भू-भौतिकविद्	28-07-03	मृतक
9	श्री के0के0 त्यागी	02-07-48	प्राविधिक सहायक (भू-भौतिकी)	22-05-87	पदोन्नति	सहायक भू-भौतिकविद्	28-07-03	सेवानिवृत्त
10	श्री सतवीर सिंह	11-01-52	प्राविधिक सहायक (भूभौतिकी)	10-08-93	पदोन्नति	सहायक भू-भौतिकविद्	28-07-03	सेवा निवृत्त
11	श्री अवधेश कुमार सिंह	01-01-58	प्राविधिक सहायक (भूभौतिकी)	02-09-83	पदोन्नति	सहायक भू-भौतिकविद्	28-07-03	-
12	श्री राम दरस	12-08-72	सहायक भू-भौतिकविद्	01-09-08	सीधी भर्ती	-	-	शासन द्वारा अन्य विभाग में सेवा हेतु कार्यमुक्त
13	श्री जितेन्द्र कुमार दुबे	24-07-74	सहायक भू-भौतिकविद्	26-12-08	सीधी भर्ती	-	-	शासन द्वारा अन्य विभाग में सेवा हेतु कार्यमुक्त

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

14	श्री साधूराम	25-08-55	प्राविधिक सहायक (भूभौतिकी)	22-05-87	पदोन्नति	सहायक भू-भौतिकविद्	24-10-13	-
15	श्री ईश्वर दयाल सैनी	01-01-56	प्राविधिक सहायक (भूभौतिकी)	13-08-04	पदोन्नति	सहायक भू-भौतिकविद्	25-04-14	-

ह0/-

(ओम नारायण अहिरवार)

अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।